## फर्द अहकाम

(नियम 26)

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलेक्टर, करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)**

पीठासीन अधिकारी :– जोगेन्द्र सिंह, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर 436/2023 प्रार्थनापत्र

1. श्री गोपी पुत्र कुम्भा जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0)
2. श्री पारस पुत्र कुम्भा जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0)
3. सुवा पुत्र कुम्भा जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0)
4. श्रीमती श्रगारी देवी पत्नी कुम्भा जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0)

—— प्रार्थीगण

**बनाम**

01. नाबालिग नारायण पुत्र बन्ना संरक्षक माता रतनी जाति गुर्जर निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0)
02. मथुरा पुत्र बन्ना जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
03. नाबालिग मिठुलाल पुत्र बन्ना संरक्षक माता रतनी जाति गुर्जर निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
04. रतनी पत्नी बन्ना जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
05. सुखी देवी पत्नी राजुलाल जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
06. गेहरीलाल पुत्र काना जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
07. प्रकाशचन्द्र पुत्र काना जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी–गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज0)
08. बैक ऑफ बड़ौदा शाखा करेड़ा जरिये शाखा प्रबन्धक।
09. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार करेड़ा।

—— विपक्षीगण

**प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा– 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम**

उपस्थित :–

1. श्री कन्हैया लाल सैन —अधिवक्ता प्रार्थी
2. विपक्षीगण ——01 लगायत 07
3. पेरोकार सरकार —— विपक्षी संख्या 09

**:: निर्णय ::** दिनांक– 09.09.2025

प्रार्थीगण के द्वारा विपक्षीगण के विरूद्व एक आवेदनपत्र अन्तर्गत धारा– 251–ए राज0 टिनेन्सी एक्ट के तहत प्रस्तुत कर सरहद गोरख्या पटवार हल्का गोरख्या भू.अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0) के खाता संख्या 720 मे वर्णित आराजी नम्बर–1147, 1242, 2253 कुल किता 03 कुल रकबा 0.3288 हैक्टयर भूमि स्थित है। प्रार्थीगण की उक्त आराजी मे आने जाने का एकमात्र रास्ता ग्राम गोरख्या पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा मे विपक्षीगण की आराजी नम्बर 2246, 2247 किता 02 रकबा 0.4553 हैक्टयर, आराजी नम्बर–2249 किता 01 रकबा 0.2909 हैक्टयर, आराजी नम्बर–2252 किता 01 रकबा 0.1518 हैक्टयर भूमि से होकर आता जाता है, उक्त रास्ता 30 फीट चौडाई के रास्ते को दर्ज कराया जावे।

प्रार्थीगण का आवेदन प्रस्तुत होने पर पंजीवद्व किया गया व विपक्षीगण को सम्मन नोटिस तामिल होने के पश्चात विपक्षीगण द्वारा उपस्थित नही होने से विपक्षीगण के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही की गई। प्रकरण मे मौके का निरीक्षण कर विपक्षीगण की आराजियात पर प्रस्तावित रास्ता है अथवा नही या वैकल्पिक रास्ता भी उपलब्ध है या नही, इस तथ्यात्मक रिपोर्ट तहसीलदार करेडा से मंगवाई जाने की आदेशिका पारित की।

प्रार्थीगण के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। प्रार्थीगण के अधिवक्ता द्वारा आवेदनपत्र मे वर्णित तथ्यो को दोहराते हुए राजस्व अभिलेख, नक्शा ट्रेस एवं तहसीलदार द्वारा तैयार कराई मौका निरीक्षण रिपोर्ट की ओर इस न्यायालय का ध्यान आकर्षित कर प्रस्तावित रास्ता के अतिरिक्त अन्य कोई रास्ता प्रार्थीगण को आराजियात पर आने जाने , संज बैलगाडी एंव कृषि उपकरण लाने ले जाने के कृषि कार्य का कोई वैकल्पिक रास्ता न होना रिपोर्ट से

ष्टिगत होता है। तहसीलदार द्वारा प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीगण के नाम पर सरहद गोरख्या पटवार हल्का गोरख्या भू.अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाडा (राज0) के खाता संख्या 720 मे वर्णित आराजी नम्बर–1147, 1242, 2253 कुल किता 03 कुल रकबा 0.3288 हैक्टयर भूमि दर्ज रेकार्ड है। ग्राम गोरख्या पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा मे विपक्षीगण की आराजी नम्बर 2246, 2247 किता 02 रकबा 0.4553 हैक्टयर, आराजी नम्बर–2249 किता 01 रकबा 0.2909 हैक्टयर, आराजी नम्बर–2252 किता 01 रकबा 0.1518 हैक्टयर भूमि विपक्षी संख्या 01 लगायत 07 के नाम दर्ज रेकार्ड है , मौके पर वर्तमान मे उक्त आराजियात पर आने जाने हेतु अन्य कोई रास्ता भी नही है। मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम गोरख्या के आराजी नम्बर–2253 रकबा 0.1391 हैक्टयर किस्म चाही 1, गोपी, पारस, सुवा पिता कुम्भा, श्रगारी पत्नी कुम्भा जाति गुर्जर निवासी गोरख्या के नाम दर्ज रेकॉर्ड हैं। इस आराजी के दक्षिण दिशा में तालाब की नम्बर, आराजी नम्बर–2212 निकल रही हैं, आराजी नम्बर–2253 खेत पर जाने हेतु सीधा या इससे लगता हुआ कोई रास्ता दर्ज रेकॉर्ड नहीं हैं। निकटतम रास्ता आराजी नम्बर– 2257, 2256, 2255, 2254, 2253/1 की पूर्वी मेड पर हो सकता हैं परन्तु मौके पर विपक्षीगण से पूछताछ करने पर उन्होन बताया कि उन्हे सामलाती कुए आराजी नम्बर 2251 पर भी जाना होता हैं। इस कारण आराजी नम्बर–2246, 2247, 2249, 2252 में रास्ता चाहा गया हैं। मौके पर उपस्थित प्रार्थीगण, विपक्षीगण मय उनके प्रतिनिधी के व पटवारी हल्का के मौका देखने पर पता चलता हैं कि आराजी नम्बर–2246 रकबा–0.1138 हैक्टयर किस्म बंजड़, आराजी नम्बर–2247 रकबा–0.3415 हैक्टयर किस्म चाही 1, सूजी देवी पत्नी राजूलाल गुर्जर सा0 देह आराजी नम्बर– 2249 रकबा–0.2909 हैक्टयर, आराजी नम्बर–2250 रकबा–0.1897 हैक्टयर किस्म चाही 1 खातेदार नारायण, मिठुलाल, मथुरा पिता बन्ना, रतनी पत्नी बन्ना जाति गुर्जर सा0 देह रहन बैक ऑफ बड़ौदा शाखा करेड़ा के नाम खातेदारी भूमि दर्ज रेकॉर्ड है व आराजी नम्बर–2251 रकबा–0.0126 हैक्टयर किस्म गेमू चाह प्राथीगण व विपक्षीगण सं 01 लगायत 04, 06, 07 के नाम सामलाती कुआं हैं। राजस्व रेकॅर्ड व मौके की स्थिति देखने पर पता चलता हैं कि प्रार्थीगण को अपनी कृषि भूमि आराजी नम्बर–2253 रकबा–0.1391 हैक्टयर व सामलाती कुआ आराजी नम्बर–2251 पर जाने हेतु आराजी नम्बर–2246, 2247, 2249, 2250 की पूर्वी मेड व आराजी नम्बर–2252 की पश्चिमी दक्षिणी मेड पर रास्ता दिया जाना उचित होगा। प्रस्तावित रास्ते की भूमि आराजी नम्बर–2246, 2247, 2249, 2250, 2252 में से रकबा क्रमशः 0.0072 हैक्टयर, 0.0260 हैक्टयर, 0.0293 हैक्टयर, 0.0114 हैक्टयर, 0.0290 हैक्टयर, किता 05 रकबा–0.0951 हैक्टयर हैं, जो कि रास्ता 4 मीटर चौड़ाई में प्रस्तावित किया हैं, जो कुआं आराजी नम्बर–2251 के भी लगता रहेगा। जो निकटतम रास्ता है, जो रास्ते मे ली जाने वाली भूमि का बाजार मूल्य डी.एल.सी. रेट की दुगुनी राशि जो विपक्षी को देय है, प्रार्थीगण अदा करने को तैयार है।

मैने प्रतिवादीगण के अधिवक्ता की बहस सुनी। पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन किया , प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 2253 रकबा 0.1391 हैक्टयर मे आने जाने हेतु विपक्षीगण की आराजी नम्बर 2246, 2247, 2249, 2250 की पूर्वी मेड व आराजी नम्बर–2252 की पश्चिमी दक्षिणी मेड के सहारे सहारे 4 मीटर चौडाई मे रास्ता दिलाया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रतिवादीगण का प्रार्थनापत्र स्वीकार योग्य ठहरता है। अत एव

**:: आदेश ::**

प्रार्थीगण का आवेदन स्वीकार कर प्रार्थीगण की सरहद गोरख्या पटवार हल्का गोरख्या भू.अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोरख्या तहसील करेडा जिला भीलवाडा (राज0) के खाता संख्या 720 मे वर्णित आराजी नम्बर– 2253 कुल किता 01 कुल रकवा 0.1391 हैक्टयर भूमि मे आने जाने हेतु विपक्षीगण की आराजी नम्बर 2246, 2247, 2249, 2250 की पूर्वी मेड व आराजी नम्बर–2252 की पश्चिमी दक्षिणी मेड के सहारे सहारे 4 मीटर चौडाई के रूप मे कृषि कार्य हेतु आने जाने का रास्ता दिया जाना स्वीकार किया जाता है तथा इसी भाति राजस्व नक्शा मे प्रस्तावित नक्शे अनुसार रास्ता कायम करने की आज्ञा पारित की जाती है। इस आदेश की पालना मे तहसीलदार, करेडा को तहरीर इस निर्देश के साथ जारी की जावे कि रास्ते के लिए आरक्षित की जाने वाली 0.0951 हैक्टयर रास्ते की भूमि की डी.एल.सी. दर से दो गुणा मूल्य प्रतिवादीगण से वसूल कर विपक्षी को क्षतिपूर्ति हेतु अदा की जावे।

यह आदेश आज दिनांक 09.09.2025 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(जोगेन्द्र सिंह)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर,
करेडा जिला भीलवाडा (राज0)